# पथ विक्रेता पी.एम. स्वनिधी के तहत 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करें

## ऋण हेतु नगर निगम के एनयूएलएम विभाग में संपर्क करें

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10,000/- का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है वे नगर निगम के हाथीखाना स्थित एनयूएलएम कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें। ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड, व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा। स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 23/7/21

# कृषि विभाग किसानों को खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी दे

## प्रभारी मंत्री भदौरिया भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं से मिले तथा विकास कार्यों की समीक्षा भी की





**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया प्रभार जिला मिलने के बाद दूसरी बार रतलाम आए। अपने व्यस्त कार्यक्रमों में उन्होंने सर्किट हाउस तथा भाजपा कार्यालयों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। रतलाम संस्थापक महाराजा रतनसिंह एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठकों में भाग लिया।

प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी दे, जिससे खेती ज्यादा से ज्यादा लाभ का धंधा बने।

### आंगनवाड़ी में समय सीमा जल उपलब्ध कराएं

विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने नल जल योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कहा कि चिन्हित स्कूल, आंगनवाड़ी में समय सीमा में नल द्वारा जल उपलब्ध करा दिया जाए, इसमें देरी नहीं की जाए। विधायक आलोट मनोज चावला ने आलोट क्षेत्र में संतरे के रकबे में कमी एवं किसानों द्वारा संतरे के पौधे हटाए जाने की जानकारी देते हुए रकबा वृद्धि हेतु आवश्यक उपाय की बात कही।

### महाराजा रतनसिंह तथा पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

### पात्र हितग्राही हैं उन्हीं को लाभ मिले

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा के दौरान विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि हितग्राहियों की संख्या को देखते हुए उपलब्धता पेंडेंसी में इजाफा हुआ है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि योजना में जो पात्र हितग्राही हैं, उन्हीं को लाभ मिले। सांसद श्री डामोर ने कहा कि जिले के सैलाना-बाजना क्षेत्र के सर्व गांवों में किसी भी हितग्राही को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में मैदानी अमले की कार्यशैली में सुधार किया जाए। विधायक श्री मकवाना ने कहा कि बिलपांक में करीब 8 हितग्राहियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। कई पंचायतों में आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत को निर्देश दिए कि पीएम आवास ग्रामीण के सुव्यवस्थित संचालन एवं जहां शिकायतें हैं, वहां निराकरण के लिए पंचायत इंस्पेक्टर्स को सक्रिय किया जाए। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि ग्राम मथुरी तथा करमदी में पीएम आवास योजना के तहत सुविधायुक्त आदर्श कॉलोनी बनाने की योजना तैयार की जाए।

विधायक श्री काश्यप ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में दुकानों को युक्तियुक्त ढंग से विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया जाए। अभी देखने में आता है कि एक ही स्थान पर दो या दो से अधिक दुकानें संचालित की जा रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने कहा कि आगामी 2023 तक हर एक घर में नल से जल पहुंचाना है। इस योजना के क्रियान्वयन को गंभीरता से लें।

### कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं

सांसद श्री डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के संबंध में प्रस्तुत जानकारी पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी दी जाए तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं। विधायक श्री काश्यप ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कितने किसानों द्वारा नवीन तकनीकी अपनाई गई है, इसका डाटा प्रस्तुत करें। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में सोयाबीन की खेती में कमी आई है तथा मक्का के रकबे में वृद्धि परिलक्षित हुई। श्री काश्यप ने मक्का, लहसुन तथा जिले के अन्य प्रमुख फसलों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### शौचालय परिसरों के सुव्यवस्थित संधारण पर भी जोर

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद डामोर द्वारा निर्देशित किया गया कि बाजना तथा सैलाना क्षेत्रों में गठित स्व सहायता समूहों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सुलभ शौचालय परिसरों के सुव्यवस्थित संधारण पर भी जोर दिया, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन में बनाए गए शौचालयों के उपयोग हेतु लोगों को जागृत करने के लिए भी कहा। खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने निर्देश दिए कि राशन वितरण में अनियमितता नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इस दिशा में जिले में सजगता से कार्य किया जा रहा है। हाल ही में दो व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। स्वदेश

स्वदेश 23/7/21

# इंदौर की तर्ज पर होगा रतलाम का विकास : प्रभारी मंत्री

प्रसारण न्यूज • रतलाम

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयासों से रतलाम में विकास की गति को आगे बढ़ाया जाएगा। रतलाम में इंदौर की तर्ज पर औद्योगिक विकास के प्रयास किए जाएंगे। सड़क, पानी और सीवरेज को लेकर जो समस्या है, उसके निराकरण के लिए भी मैंने निर्देश जारी किए हैं और इस दिशा में गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने आज सर्किट हाउस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होने कहा कि पंचायत और नगरीय निकायों के चुनाव के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है, लेकिन इनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए सरकार कुछ नहीं कर सकती।



प्रसारण

श्री भदौरिया से यह पूछे जाने पर कि क्या उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाएगा। श्री भदौरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश की परिस्थितियों में काफी भिन्नता है। मध्यप्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता नहीं है। उन्होने कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण होना चाहिए इस पर सभी सहमत है। लोगों में जागरूकता लाकर इसे किया जा सकता है।

नगरीय निकायों के निर्वाचन से सम्बन्धित प्रश्न पर उन्होने कहा कि सरकार जल्दी से जल्दी चुनाव कराना चाहती है, लेकिन न्यायालय में मामले विचाराधीन है। यदि इनका निराकरण जल्दी हो जाता है तो चुनाव भी समय पर हो जाएंगे। श्री भदौरिया ने कहा कि जिला योजना समिति की बैठक में रतलाम के विकास की योजनाओं पर चर्चा की गई है। विकास योजनाओं में तेजी लाकर रतलाम को इन्दौर की तरह विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान सांसद गुमानसिंह डामोर, शहर विधायक चैतन्य काश्यप समेत अनेक भाजपा नेता भी मौजूद थे।

प्रसारण 23/7/21

# प्रदेश में आधे वेतन पर मिलेगी पांच साल की छुट्टी

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार कर्मचारियों को शासकीय सेवा में रहते हुए निजी काम या नौकरी का मौका देने की तैयारी कर रही है। इसके तहत कर्मचारी अधिकतम पांच साल की लंबी छुट्टी लेकर कोई भी काम कर सकेंगे। इस अवधि में उन्हें आधा वेतन भी मिलता रहेगा। इस व्यवस्था में उनकी वरिष्ठता प्रभावित नहीं होगी। यह कवायद सरकार का खर्च कुछ कम करने के लिए की जा रही है। अभी राज्य सरकार करीब 60 हजार करोड़ रुपये सालाना वेतन-भत्तों पर खर्च कर रही है। हालांकि, शिक्षक, डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस सहित ऐसे कई विभागों के कर्मचारी इसके दायरे में नहीं आएंगे, जिनकी सेवाएं अत्यावश्यक होती हैं।

योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों को आधा वेतन तो मिलेगा पर वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ नहीं मिलेगा। वरिष्ठता भी प्रभावित नहीं होगी और पेंशन भी मिलेगी। अवकाश के दौरान यदि कर्मचारी का निधन होता है तो स्वजन को अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता पहले की तरह रहेगी। हालांकि कामकाज प्रभावित होने को लेकर अब तक कोई विशेष आकलन नहीं किया गया है। आवेदन के बाद भी इस पर विचार किया जा सकता है।

गौरतलब है कि सरकार के खर्च को कम करने के लिए वर्ष 2002 में दिग्विजय सिंह सरकार ने भी मध्य प्रदेश सिविल सेवाएं (फरलो) योजना शुरू की थी। यह योजना वर्ष 2007 में भाजपा शासनकाल में बंद कर दी गई। करीब चार हजार कर्मचारियों ने इसका लाभ भी उठाया था। इसका फायदा यह रहा कि स्थापना व्यय कुछ कम हुआ।

कोरोना संकट की वजह से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकार आय के स्रोत बढ़ाने के साथ खर्च कम करने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सचिवालय ने वित्त विभाग से कर्मचारियों को अवकाश देकर दूसरा काम करने की अनुमति देने की योजना का खाका बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

### बचत का नया फंडा

- छुट्टी की अवधि में व्यवसाय या निजी क्षेत्र में नौकरी की छूट मिलेगी
- योजना और वित्त विभाग ने प्रारंभिक प्रारूप किया तैयार

### इन्हें नहीं मिलेगा योजना का लाभ

शिक्षक, डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस सहित ऐसे कई विभागों के कर्मचारी इसके दायरे में नहीं आएंगे, जिनकी सेवाएं अत्यावश्यक होती हैं।

**60** हजार करोड़ रुपये सालाना वेतन-भत्तों पर खर्च कर रही है अभी सरकार

**2.5** लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है मप्र सरकार पर

**14.5** हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी थी पिछले साल केंद्र सरकार ने कोरोना के कारण

### 31 अक्टूबर तक सरकारी कार्यालयों में सप्ताह में पांच दिन ही होगा काम

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में पांच दिन के सप्ताह की व्यवस्था 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी। सभी कार्यालय सोमवार से शुक्रवार तक खुलेंगे। अभी यह व्यवस्था 31 जुलाई तक थी। कोरोना नियंत्रण के मद्देनजर सरकार ने इस व्यवस्था को जारी रखने का निर्णय लिया है।

नईदुनिया । 23/7/21

# जिला अस्पताल में बीस बेड का एक और कोविड आइसीयू बनेगा

## रतलाम में तीसरी लहर से निपटने की तैयारियां

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल में संभावित कोरोना की तीसरी लहर को लेकर लगातार तैयारी चल रही है। बीस बेड एक और नया कोविड आइसीयू वार्ड बनाया जा रहा है। इसके पहले बीस बेड का कोविड आइसीयू संचालित कर दिया गया है। वहां के सभी बेड आक्सीजन सपोर्ट के साथ अन्य इमरजेंसी सुविधाओं से लैस रहेंगे। इसके पहले आक्सीजन प्लांट तैयार कर लिया गया है और बाल चिकित्सालय में भी काम चल रहा है।



चिकित्सालय में पहले ही तैयार किया जा चुका है आक्सीजन संयंत्र


आरएमओ डा. योगेश नीखरा ने बताया कि जिला अस्पताल में कोविड के लिए सभी सुविधाएं बेहतर की जा रही हैं ताकि अचानक जरूरत पड़ने पर दिक्कत न हो। शासन स्तर से जारी गाइडलाइन पर तेजी से काम चल रहा है। सीटी स्कैन मशीन लगाने पर काम चल रहा है।



भवन तैयार है और प्रिंटर मशीन आ गई है। शेष मशीनें आते ही सुविधा चालू कर दी जाएगी। भरसक प्रयास किए जा रहे हैं कि जिला अस्पताल में लोगों को बेहतर इलाज मिले। सभी तरह की जांचे भी निशुल्क हो रही है।

नईदुनिया 23/7/21

# वॉकी-टॉकी से पानी और सफाई व्यवस्था पर नजर-काश्यप



रतलाम, नप्र। शहर में वार्ड स्तर पर वॉकी-टॉकी सिस्टम अपनाया जाए। वॉकी-टॉकी के माध्यम से जल वितरण के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाए।

यह बात नगर विधायक चेतन्य काश्यप ने कही। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के साथ बैठक में काश्यप ने नगर में एक हफ्ते से बिगड़ी जल वितरण व्यवस्था एवं समय-समय पर इसमें सुधार के दिए निर्देशों की समीक्षा की।

विधायक काश्यप ने नगर निगम अमले को निर्देश दिए कि वे तात्कालिक समस्या का समाधान करने के साथ-साथ शहर में रोजाना जल प्रदाय करने का लक्ष्य पूरा करने के लिए रोडमेप तैयार करें। विधायक काश्यप ने बैठक में जल वितरण व्यवस्था में आ रही समस्या की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि वे कॉल सेंटर पर रोजाना कम से कम एक घंटे का समय देकर आमजन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण करें। काश्यप ने वार्ड स्तर पर वॉकी-टॉकी सिस्टम अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि वॉकी टॉकी लेकर जल वितरण के साथ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि जल वितरण के समय में बदलाव होता है तो उसकी सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित करें। ताकि शहर वासियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।काश्यप ने निगम अधिकारियों से कहा कि जल वितरण समस्या को दूर करने के लिए रोजाना जलप्रदाय का रोडमेप तैयार करें।

बैठक दौरान कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने जल वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए की जा रही कोशिशों पर प्रकाश डाला। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम के विभागीय अधिकारी मौजूद थे। पु.नी.२२

प्रभातकिरण 22/7/21



स्वतंत्र

# शहर की समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री को शहर कांग्रेस ने ज्ञापन दिया!

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम। आज रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओ पी एस भदोरिया जी से मिला जिसमें रतलाम शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा!

ज्ञापन में मुख्य रूप से रतलाम शहर की ध्वस्त हो चुकी जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने की मांग , शहर में वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाकर लोगों को वैक्सीन लगाने की [illegible] सिटी में बनने वाली सड़कों में भ्रष्टाचार की जांच मांग, शहर में बन रही फोरलेन सड़क निर्माण में कथित दुरुपयोग और निर्धारित चौड़ाई से कम मापदंड में बनाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई की मांग ;प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय और तृतीय किस्त हितग्राहियों को तत्काल देने की मांग , रतलाम शहर की कालोनियों की 2000 स्क्वायर फीट से कम की रजिस्ट्री पर जो रोक लगाई गई है उसे तत्काल हटाने की मांग ,शहर में सीवरेज की खुदाई सड़कों को पुनर्निर्माण शहर के मध्य पोलो ग्राउंड के शीघ्र निर्माण की मांग एवं नगर निगम विभिन्न कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ,यास्मिन शेरानी, सतीश पुरोहित, रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय ,विजय सिंह चौहान राजीव रावत ,मुबारिक खान, शैलेंद्र सिंह अठाना ,नासिर कुरेशी, नीलेश शर्मा, सुजीत उपाध्याय, जोएब आरीफ, मांगीलाल जैन ,धर्मेंद्र शर्मा ,रवि वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, निशा एडना, संगीता काकरिया ओपी त्रिपाठी विजय पंड्या लाला आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

स्वतंत्र ऐलान 23/7/21

## समस्याओं को लेकर मुखर हुई शहर कांग्रेस

रतलाम। शहर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कांग्रेस मुखर हुई। गुरुवार को जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया के प्रवास के दौरान सर्किट हाउस पर ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल भदौरिया से मिला। शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मुख्य रूप से रतलाम शहर की ध्वस्त हो चुकी जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से करने, शहर में वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाने, मिनी स्मार्ट सिटी में बनने वाली सडकों में भ्रष्टाचार की जांच, शहर में बन रही फोरलेन सडक निर्माण में कथित दुरुपयोग और निर्धारित चौड़ाई से कम मापदंड में बनाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

पत्रिका

प्रिप्रेस 23/7/21

# दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को बर्खास्तगी नोटिस

रतलाम | एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पीएम स्वनिधि की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को संविदा अनुबंध समाप्त कर बर्खास्तगी सूचना पत्र जारी किया है। इसमें सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय शामिल हैं। वहीं, सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का 19 जुलाई के पूर्व संतुष्टि पूर्वक शत-प्रतिशत निराकरण नहीं करने पर 20 जुलाई को जारी ग्रेडिंग में रतलाम नगर निगम की उच्च ग्रेडिंग में आई कमी के कारण आयुक्त ने 18 अधिकारी, कर्मचारियों का जुलाई महीने का वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 23/7/21

# दो सिटी मैनेजर सहित सात को सेवा से बर्खास्त किए जाने का नोटिस

रतलाम। एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पीएम स्वनिधि की समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एनयूएलएम विभाग के दो सिटी मैनेजर व पांच सामुदायिक संगठिकाओं को संविदा अनुबंध समाप्त कर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। समीक्षा के दौरान असंतोषजनक प्रगति के पाए जाने पर सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

नईदुनिया

नईदुनिया / 23/7/21

# लापरवाही पर 18 का वेतन रोका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का नगर निगम में समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसके चलते अब अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन रोका जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया 19 जुलाई के पूर्व संतुष्टिपूर्वक शत-प्रतिशत निराकरण नहीं करवाये जाने पर 20 जुलाई को जारी ग्रेडिंग में नगर निगम की उच्च ग्रेडिंग में आई कमी आई। इसके कारण 18 अधिकारी/कर्मचारियों का आगामी आदेश तक माह जुलाई का

# तत्कालिक जल वितरण समस्या हल कर प्रतिदिन जल प्रदाय का रोडमेप तैयार करें - काश्यप

## जल प्रदाय समय परिवर्तित होने पर सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित की जाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नागरिकों द्वारा शहर की जल समस्या को लेकर लगातार आक्रोश व्यक्त करने के बाद कलेक्टर ने जल प्रदाय व्यवस्था में कसावट लाने के लिए निगम अधिकारियों की बैठक लेकर 24 घंटे जल समस्या पर ध्यान देने का जहां आदेश दिया, वहीं विधायक चेतन्य काश्यप ने बैठक लेकर शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय करने हेतु लक्ष्य पूर्ण करने हेतु रोडमेप तैयार करने की बात कही।

विधायक द्वारा ली गई बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के साथ निगमायुक्त सोमनाथ झारिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे, जिसमें जल वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई।

विधायक श्री काश्यप ने बैठक में जल वितरण व्यवस्था में आ रही समस्या की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि वे कॉल सेंटर पर प्रतिदिन न्यूनतम एक घंटा समय दें और आमजन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण करें। श्री काश्यप ने वार्ड स्तर पर वॉकी-टॉकी सिस्टम अपनाने पर जोर दिया और कहा कि वॉकी टॉकी लेकर जल वितरण के साथ सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि जल वितरण के समय में परिवर्तन होता है तो उसकी सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित करें। इससे शहरवासियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक के दौरान कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने जल वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। स्वदेश

स्वदेश २३/७/२१

# 15 उचित मूल्य की दुकानों पर आज से बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

रतलाम। कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड कार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाए जा रहे हैं।

उचित मूल्य की दुकानों पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य के तहत 23 जुलाई को विश्वकर्मा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार त्रिलोक नगर, जवाहर महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार अलकापुरी, डिम्पल महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार नयागांव, आल इंडिया प्राथमिक उपभोक्ता भंडार जवाहर नगर, श्री कृष्णा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सखवाल नगर, बालाजी प्राथमिक उपभोक्ता भंडार शहर सराय में आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

इसी तरह हरिओम प्राथमिक उपभोक्ता भंडार राजेंद्र नगर, महर्षि प्राथमिक उपभोक्ता भंडार बाजना बस स्टैंड, श्री मां प्राथमिक उपभोक्ता भंडार अमृत सागर, गायत्री प्राथमिक उपभोक्ता भंडार राजेंद्र नगर, वैष्णोदेवी प्राथमिक उपभोक्ता भंडार भगतपुरी रामगढ़, दीपाली प्राथमिक उपभोक्ता भंडार दिलीप नगर, विश्वास महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार फ्रीगंज, मरियम प्राथमिक उपभोक्ता भंडार जावरा रोड व विनायक महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार स्टेडियम मार्केट आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

22 जुलाई को पोर्टल बंद रहने से हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने। उधर उचित मूल्य की दुकानों पर 21 जुलाई को आयोजित शिविरों के माध्यम से 544 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस तरह अब तक 4101 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

नईदुनिया।

नईदुनीया। २३/७/२१

# प्रभारी मंत्री को समस्याएं बताकर ज्ञापन दिए

रतलाम | जिले के प्रभारी मंत्री ओपी एस भदौरिया से कांग्रेस कमेटी सहित विभिन्न संगठनों ने मंत्री भदौरिया से मिलकर समस्याओं व मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपे।

शहर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू करने, सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मिन शेरानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, मांगीलाल जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

जयंत विटामिन्स संयुक्त ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री भदौरिया से मिलकर यूनियन के मजदूरों के आरआरसी (राजस्व वसूली) प्रमाण पत्र के तहत 10% बकाया भुगतान करने की मांग की। डॉ. आम्बेडकर नगर (सज्जनमिल रोड) के क्षेत्रवासियों ने जिनके पट्टे नहीं है उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है और नाही नए पट्टे बनाए जा रहे हैं। 2020 में सर्वे होने के बाद पट्टे व आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जिले के प्रभारी मंत्री से अजाक्स के पदाधिकारियों ने चर्चा की। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी ने शहर में होने वाले जिला सम्मेलन के बारे में चर्चा कर उसमें शामिल होने

**समीक्षा बैठक** प्रभारी मंत्री ने दिए सैलाना-बाजना क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश

# खराब सड़कों की मरम्मत ठेकेदार से करवाएं, न करे तो भुगतान रोक दें

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नल-जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होना चाहिए, किसी भी गांव में योजना क्रियान्वयन से पूर्व जल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। योजना कार्य में उखड़ी सड़कों को ठेकेदार से ठीक करवाएं, नहीं करने पर उसका भुगतान रोक दें। यह निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने गुरुवार को विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण की जानकारी पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ब्लाकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देकर ठोस उपाय किए जाएं। विधायक कश्यप ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कितने किसानों द्वारा नवीन तकनीकी अपनाई गई है इसका डाटा प्रस्तुत करें। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में सोयाबीन की खेती में कमी आई है तथा मक्का के रकबे में वृद्धि परिलक्षित हुई।




22आरएटी-12 : कलेक्टोरेट सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया। • नईदुनिया

## स्कूलों, आंगनबाड़ी में समय पर लागू हो नल जल योजना

विधायक डा. राजेंद्र पांडे ने नल जल योजना पर कहा कि चिह्नित स्कूल, आंगनबाड़ी में समय सीमा में नल द्वारा जल उपलब्ध करा दिया जाए, इसमें देरी नहीं की जाए। विधायक आलोट मनोज चावला ने आलोट क्षेत्र में खतरे के पौधे हटाने की जानकारी देते हुए रकबा वृद्धि के आवश्यक उपाय की बात कही। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वास्तविक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। विधायक कश्यप ने गत तीन-चार वर्षों के दौरान बकरी पालन योजना में उपलब्ध कराई गई बकरियों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए।

## पीएम आवास में मैदानी अमला कार्यशैली सुधारे

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा के दौरान विधायक डा. पांडे ने कहा कि हितग्राहियों की पेंडेंसी में इजाफा हुआ है। सांसद डामोर ने कहा कि जिले के सैलाना-बाजना क्षेत्र के कई गांवों में किसी भी हितग्राही को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने मैदानी अमले की कार्यशैली में सुधार के निर्देश दिए। विधायक मकवाना द्वारा बिलपांक में आठ हितग्राहियों के नाम सूची से हटाने की शिकायत पर प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत सीईओ को निराकरण के लिए कहा। विधायक कश्यप ग्राम मथुरी, करमदी में पीएम आवास योजना के तहत सुविधायुक्त आदर्श कालोनी बनाने की योजना बनाने के निर्देश दिए।

## ढाई घंटे पहले एजेंडा दिया, समीक्षा होगी

सैलाना विधायक हर्षविजय गेहलोत ने बैठक में आपत्ति जताई कि बैठक गुरुवार दोपहर 12.30 बजे तय की गई। इसमें शामिल होने वाले विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को सुबह 10 बजे मोबाइल पर पीडीएफ डालकर एजेंडा दिया गया। मात्र ढाई घंटे में कोई भी विधायक या जनप्रतिनिधि कैसे एजेंडे को पढ़कर एन वक्त पर विकास को लेकर समीक्षा के लिए प्रस्ताव, सवाल या सुझाव रख सकता है। जिले की सहकारी समितियों एवं बीज समितियों को जारी सोयाबीन का बीज बाजारों में बिक गया। प्रभारी मंत्री ने जांच का आश्वासन दिया।

नईदुनिया 23/7/21

## पहली ही बैठक में एक्शन दर्शाते नजर आए प्रभारी मंत्री

# फिर वही चेतावनी का राग, हर प्रभारी मंत्री दिखाते हैं सख्त रूख, नहीं बदलते हालात

### सैलाना-बाजना क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के लिए विशेष कैंप आयोजित करने कहा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में नल-जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। किसी भी गांव में क्रियान्वयन से पूर्व जल उपलब्धता सुनिश्चित करें। कार्य में उखड़ी सड़कों को ठेकेदार से ठीक करवाएं, नहीं करने पर उसका पेमेंट रोकें। एक बार फिर यह निर्देश कागजी फाइल में नोट कर लिए गए। जिले का प्रभार किसी भी मंत्री को मिले, अमुमन यह निर्देश दिए ही जाते हैं, लेकिन हालात बदलते नजर नहीं आते, शहर गड्ढों से पटा है, लेकिन हकीकत बदलने आगे नहीं आ रहा। अब नए प्रभारी मंत्री के निर्देश कब अमल में आते हैं, इसका इंतजार लोग कर रहे हैं।

जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पहली समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी दें, जिससे खेती ज्यादा से ज्यादा लाभ का धंधा बने। सांसद गुमानसिंह डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के संबंध में प्रस्तुत जानकारी पर असंतोष जताते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी दी जाए तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं।



### पूर्व विधायक के बेटे की आत्महत्या के आरोपित भी मिलने पहुंच गए

ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक मथुरालाल डामर के बेटे जगदीश ने अप्रैल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आरोपित नवीन चौधरी व संजय चौधरी के खिलाफ मामला न्यायालय में है और वे फिलहाल जमानत पर रिहा है, गुरुवार को जब मंत्री भदौरिया शहर आए तो आरोपित भी उनसे मिलने पहुंच गए. हालांकि उनकी मंत्री से सीधी बात नहीं हुई। वहीं, इस पर पत्रिका ने मंत्री से सवाल किया तो उनका कहना था कि वे संगठन के काम से बात करने आए थे, सिर्फ कुछ चर्चा की गई थी।

## बाहर आते ही मिले प्रभारी मंत्री कांग्रेस नेताओं से

बंद कमरे में लंबी बैठक करने के बाद जैसे ही प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस के बाहर आए, कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी कर दी। मंत्री भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निमीष व्यास के साथ कांग्रेस पदाधिकारियों के पास पहुंचे। शहर में पेयजल के लिए हो रही परेशानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री को शहर कांग्रेस ने ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में शहर की ध्वस्त हो चुकी जलप्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने की मांग गई। इसके अलावा शहर में वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाकर लोगों को वैक्सीन लगाने की मांग, मिनी स्मार्ट सिटी में बनने वाली सड़कों में भ्रष्टाचार की जांच मांग, शहर में बन रही फोरलेन सड़क निर्माण में कथित दुरुपयोग और निर्धारित चौड़ाई से कम मापदंड में बनाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई की मांग, पोलो ग्राउंड के शीघ्र निर्माण की जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मिन शेरानी, सतीश पुरोहित, रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, राजीव रावत, मुबारिक खान, शैलेंद्र सिंह अठाना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, निशा एडना उपस्थित थे।



विधायक चेतन्य काश्यप ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कितने किसानों द्वारा नवीन तकनीकी अपनाई गई है, इसका डाटा प्रस्तुत करें। सोयाबीन की खेती में कमी आई है तथा मक्का के रकबे में वृद्धि हुई।

### नल योजना में गति लाए

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने नल जल योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कहा कि चिन्हित स्कूल, आंगनवाड़ी में समय सीमा में नल द्वारा जल उपलब्ध करा दिया जाए, इसमें देरी नहीं की जाए। विधायक आलोट मनोज चावला ने आलोट क्षेत्र में संतरे के रकबे में कमी एवं किसानों द्वारा संतरे के पौधे हटाए जाने की जानकारी देते हुए रकबा वृद्धि के लिए आवश्यक उपाय की बात कही।

### नहीं मिल रहा लाभ

विधायक मकवाना ने कहा कि बिलपांक में करीब 8 हितग्राहियों के नाम सूची से हटा दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत को निर्देश दिए कि पीएम आवास ग्रामीण के सुव्यवस्थित संचालन एवं शिकायतें हैं, निराकरण के लिए पंचायत इंस्पेक्टर्स को सक्रिय किया जाए।

### गड़बड़ी पर हो कार्रवाई

खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि राशन वितरण में अनियमितता नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

### मंत्री के काफिले को रोका, बोले साहब पांच दिन से पानी नहीं मिला...

शहर में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था की स्थिति से अब आमजन परेशान हो गया है। यह परेशानी गुरुवार दोपहर उस वक्त भी नजर आई जब प्रभारी व राज्य के नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया के काफिले को एक व्यक्ति ने रोक दिया। हटिराम दरवाजा क्षेत्र से आए इस व्यक्ति ने मंत्री को कहा साहब पांच दिन से नल में पानी नहीं आया है, जवाब में मंत्री ने कह दिया, पता चल गया है, अव्यवस्था को सुधारुंगा। मंत्री का नेपकीन चोरी हो गया। इसकी तलाश की गई, जब नहीं मिला तो नया लाकर दिया गया। महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मंत्री भदौरिया जैसे ही उतरे व वाहन में बैठे एक युवक विनोद कुमार ने काफिले को आवाज देकर रोक दिया। इसके बाद जब मंत्री ने रोकने का कारण जानना चाहा तो युवक ने बताया की उनके क्षेत्र में पांच दिन से नल में जल नहीं आ रहा है। नगर निगम के सामने अचानक हुई इस घटना से हर कोई हतप्रभ रह गया।

### अभाविप ने की डीईओ की शिकायत



जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रतलाम दौरे के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के जिला कार्यालय भी पहुंचे। यहां उनसे जिले के पदाधिकारियों ने मुलाकात करके जिला शिक्षा अधिकारी को हटाने की मांग करते हुए आदिम जाति कल्याण विभाग में सहायक आयुक्त की नियुक्ति करने, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान करने सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी दी। जिला संयोजक कृष्णा डिंडोर ने बताया प्रभारी मंत्री से जिले में शासकीय आईटीआई में गर्ल्स हॉस्टल खोलने की भी मांग की गई है।

### वैचारिक समन्वय एक व्यावहारिक पहल पुस्तक दी

जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया के आने पर राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के पदाधिकारी मिले व वैचारिक समन्वय एक व्यावहारिक पहल पुस्तक भेंट की। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक इलियास अहमद कुरैशी द्वारा संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा डॉ.ख्वाजा इफ्तिखार अहमद द्वारा लिखी गई वैचारिक समन्वय एक व्यावहारिक पहल नामक पुस्तक भेंट की।

### लैब टेक्नीशियनों ने भी दिया ज्ञापन

मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की जिला शाखा के पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को विभिन्न मांगों मांगो के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ अध्यक्ष भूर सिंह डामोर, सचिव दुष्यंत पुरोहित, संरक्षक अनिलसिंह राठौर, प्रांतीय संयोजक कमलेश यादव, प्रांतीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र टाटावत आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अनुकंपा नियुक्ति पत्र लिए दफ्तर के धक्के खाने में निकल गए 15 दिन पर नहीं मिली नौकरी

## कोविड से मृत्यु पर सरकारी कर्मचारी के पात्र बेटा-बेटी को नौकरी देने की घोषणा का हश्र, कलेक्टर ने तो दे दी नियुक्ति, नीचले अधिकारी करते रहे टालमटोल

**एक्सक्लूसिव**

का न्यूज नेटवर्क
rka.com

नाम. कोरोना से शासकीय चारी की मृत्यु पर मुख्यमंत्री राजसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना के तहत उसके पात्र बेटा या बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए प्रदेश में नियम बनाते हुए सभी कलेक्टरों को इस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रतलाम में भी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ऐसे ही एक युवक को उसकी माता की कोविड से मृत्यु पर 6 जुलाई को आदेश जारी करते हुए उसे तहसील कार्यालय में नियुक्ति दी। हालत यह है कि आदेश को लेकर एक हितग्राही पिछले 15 दिन से सरकारी दफ्तर तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहा है, लेकिन उसे कोई ज्वाइन ही नहीं करवा रहा है। उसे ज्वाइन करने से ही मना कर दिया गया।

कोविड-10 से शासकीय सेवक की मृत्यु पर उसके पात्र बेटा या बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने के नियम के तहत महिला कर्मचारी राजुल भंवर की मृत्यु पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उनके पुत्र हेमंत भंवर निवासी अलकापुरी को 6 जुलाई को अनुकंपा नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत उन्हें तहसील कार्यालय में सहायक वर्ग - 3 के पद पर नियुक्ति दी गई। अब पेच यह है कि यह आदेश लेकर हेमंत तहसील कार्यालय पहुंचा तो उसे कोई ज्वाइन कराने को तैयार नहीं है। यहां तक की तहसीलदार भी ज्वाइन नहीं करवा रहे है।

### ज्वाइन नहीं तो आदेश निरस्त

कलेक्टर की तरफ से 6 जुलाई को जारी किए गए आदेश में साफ लिखा हुआ है कि आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिन की अवधि में नियुक्ति पाने वाला ज्वाइन नहीं होता है तो आदेश स्वत: निरस्त हो जाएगा। आदेश जारी हुए 15 दिन गुरुवार को हो चुके हैं किंतु अब तक हेमंत को ज्वाइन ही नहीं कराया गया है। ऐसे में संकट यह है कि ज्वाइन नहीं होता है तो हेमंत अनुकंपा नियुक्ति से वंचित रह जाएगा। गौरतलब है कि राजुल भंवर पलसोड़ी के स्कूल में सहयाक शिक्षिका के रूप में पदस्थ थी और कोविड से उनकी मृत्यु हो गई है।

### योजना का यह है दायरा

योजना के तहत मुख्यमंत्री ने 1 अप्रैल से 30 जून के मध्य किसी भी शासकीय सेवक की कोरोना से मृत्यु के मामले में यह अनुकंपा नियुक्ति देने का नियम बनाया गया है। शासकीय कर्मचारी किसी भी विभाग में हो और इस अवधि में उनकी मृत्यु कोरोना से होती है तो उनके पात्र बेटा या बेटी को उनकी योग्यता के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति दी जाना है।

### ऑनलाइन तरीके से होगी प्रक्रिया

अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े इस मामले को लेकर शासन से निर्देश है कि पूरे प्रदेश में एक साथ यह प्रक्रिया होगी, ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी जो कि चल रही है। रतलाम में 26 मामले हैं, सभी की नियुक्ति जल्द होगी।

**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर रतलाम

पत्रिका 23/7/21

# नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान पालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगायें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें। दुकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग इकट्ठे नहीं होवें। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें।

स्वतंत्र [illegible] 23/7/21

# शहर में पानी का संकट, थावरिया बाजार संपवेल ओवरफ्लो, हजारों लीटर पानी बहा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

एक तरफ शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा है। वहीं, निगम की लापरवाही के कारण थावरिया बाजार पानी टंकी के पास स्थित संपवेल ओवरफ्लो होने से गुरुवार रात हजारों लीटर पानी बह गया। इतना पानी बहा कि थावरिया बाजार से सूरजपौर तक हर तरफ पानी ही पानी हो गया। ये स्थिति तब है जब कलेक्टर निगम अफसरों की बैठक ले चुके हैं और उन्हें व्यवस्था सुधारने के निर्देश दे चुके हैं। बावजूद निगम कर्मचारियों की लापरवाही बरकरार है। इससे क्षेत्र के लोगों में नाराजी है। पूर्व पार्षद मंगल लोढ़ा एवं गोपाल शर्मा ने बताया एक तरफ तो शहर के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। कई कॉलोनियों की यह स्थिति है कि तीन से चार दिन में लोगों का पानी मिल रहा है और इधर है जो पानी की बर्बादी हो रही है। जलसंकट के बीच इतनी बड़ी लापरवाही आखिर क्यों की जा रही है। नगर निगम के जल प्रदाय विभाग के प्रभारी एसपी आचार्य ने बताया संपवेल ओवरफ्लो होने से यह स्थिति बनी है। संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।



संपवेल ओवर फ्लो होने से सड़क पर बहता पानी।

दै. भास्कर 23/7/21



# तत्कालिक जल वितरण समस्या हल कर प्रतिदिन जल प्रदाय का रोड़ मेप तैयार करें

**स्वतंत्र एलान रिपोर्टर**

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के साथ नगर में एक सप्ताह से बिगड़ी जल वितरण व्यवस्था एवं समय.समय पर इसमें सुधार के लिए दिए गए निर्देशों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम अमले को निर्देश दिए कि वे तात्कालिक समस्या का समाधान करने के साथ.साथ शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय करने के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु रोड़ मेप तैयार करें।

विधायक श्री काश्यप ने बैठक में जल वितरण व्यवस्था में आ रही समस्या की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि वे कॉल सेंटर पर प्रतिदिन न्यूनतम एक घंटा समय दें और आमजन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण करें। श्री काश्यप ने वार्ड स्तर पर चौकी.टॉकी सिस्टम अपनाने पर जोर दिया और कहा कि चौकी टॉकी लेकर जल वितरण के साथ सफाई व्यवस्था को भी दुरूस्त किया जाए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि जल वितरण के समय में परिवर्तन होता है तो उसकी सार्वजनिक सूचना समय रहते प्रसारित करें। इससे शहर वासियों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बैठक के दौरान कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम ने जल वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित निगम के विभागीय अधिकारी मौजूद थे। स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 23/7/21

# सड़कों की हालत देख प्रभारी मंत्री, बोले-ठेकेदार सुधार नहीं करे तो भुगतान रोकें

## शहर की खराब हालत को देख प्रभारी मंत्री हुए नाराज, इधर, विधायक काश्यप बोले - एक ही स्थान पर दो या उससे ज्यादा दुकानें चल रहीं, युक्तियुक्त ढंग से स्थापित करें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया गुरुवार को शहर में रहे। समीक्षा बैठक के साथ क्राइसिस कमेटी की मीटिंग ली। खराब सड़कों पर प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया की नाराजगी दिखी। कहा ठेकेदार से उखड़ी सड़कों को ठीक करवाएं, नहीं करें तो उसका पैमेंट रोक दें।

सांसद गुमानसिंह डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा दी कुपोषण की जानकारी पर नाराज हुए। उन्होंने ब्लॉकवार व विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी देने को कहा। विधायक चेतन्य काश्यप ने जिले में कितने किसानों द्वारा नवीन तकनीकी अपनाई है, इसका डाटा देने, मक्का, लहसुन व जिले के अन्य प्रमुख फसलों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कार्य योजना बनाने का कहा। विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने चिन्हित स्कूल, आंगनवाड़ी में समय सीमा में नल द्वारा जल उपलब्ध कराने, आलोट विधायक मनोज चावला ने आलोट क्षेत्र में संतरे के रकबे में कमी एवं किसानों द्वारा संतरे के पौधे हटा ने की जानकारी दी। विधायक काश्यप ने तीन-चार साल के दौरान बकरी पालन की योजना में उपलब्ध कराई बकरियों के भौतिक सत्यापन का कहा। सांसद डामोर ने कहा कि जिले के सैलाना-बाजना क्षेत्र के कई गांवों में किसी भी हितग्राही को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। विधायक मकवाना ने कहा बिलपांक में 8 हितग्राहियों के नाम सूची से हटा दिए हैं, कई पंचायतों में आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।

### एमसीएच में भी लगे ऑक्सीजन प्लांट

विधायक चेतन्य काश्यप ने कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयार हो रहे एमसीएच में ऑक्सीजन प्लांट की स्वीकृति की बात कही है। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट पर विशेष जोर दिया। विधायक ने कहा नगर निगम में घरेलू महिलाओं को पात्रता पर्चीं नहीं मिल रही है। इसमें सुधार हो।

### हर केंद्र पर 2-2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं

प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक ली। कहा तीसरी लहर से निपटने के लिए पहले से तैयारी हो। बाल चिकित्सालय को अपडेट रखा जाए। बैठक में बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर काम करने वाले 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षण दिया है। जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों के लिए 5-5 बेड इलाज के लिए आरक्षित किए हैं, 2-2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए हैं। बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजनयुक्त 70 बेड का इंतजाम किया जा रहा है। 15 दिन में काम पूरा हो जाएगा। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा चिकित्सा संस्थाओं में उपलब्ध कराए गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनों को चालू रखने के लिए हर 6 माह में ऑपरेट करें ताकि वह खराब नहीं हो।

### रतलाम में इंदौर की तर्ज पर होगा विकास - मंत्री

प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा रतलाम में इंदौर की तर्ज पर औद्योगिक विकास के प्रयास किए जाएंगे। सड़क, पानी, सीवरेज की समस्या दूर करना प्राथमिकता है। जनसंख्या नियंत्रण कानून पर मंत्री ने कहा उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश की परिस्थितियों में भिन्नता है। यहां जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता नहीं है।

भास्कर

दै. भास्कर 23/7/21

# प्रदेश के 10 जिला अस्पतालों में शुरू होगी कोरोना जांच

## केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से मांगा था प्रस्ताव

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए जांच सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश चल रही है। भोपाल समेत प्रदेश के 10 जिला अस्पतालों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच शुरू करने की तैयारी है। भारत सरकार ने लैब स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगा था।

स्वास्थ्य संचालनालय ने प्रस्ताव भेज भी दिया है। संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से आरटी-पीसीआर जांच की मशीन या फिर इसके लिए राशि मिल सकती है। बाकी सुविधाएं जिला अस्पतालों की लैब में पहले से हैं, इसलिए जांच शुरू करने में देरी नहीं होगी।

अधिकारियों ने बताया कि तैयार किए जा रहे इन लैब में कोरोना के अलावा स्वाइन फ्लू, डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, कॉलरा, मीजल्स आदि बीमारियों की जांच भी हो सकेगी। इन अस्पतालों में पहले से संचालित पैथोलॉजी लैब को सुदृढ़ कर कोरोना और अन्य माइक्रोबायोलॉजिकल जांचें शुरू की जाएंगी। अभी सिर्फ मेडिकल कॉलेजों में कोरोना की आरटी-पीसीआर जांच की जा रही है।



**कवायद**

- सितंबर तक शुरू हो सकती है आरटी-पीसीआर जांच की सुविधा
- भोपाल सहित अन्य जिला अस्पतालों में तैयार की जा रही है लैब

### इन जिला अस्पतालों में शुरू होगी जांच की सुविधा

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, बालाघाट, सिंगरौली, मुरैना, बैतूल और मंदसौर।

### बजट में भी हो चुकी है घोषणा

इस साल के केंद्रीय बजट में देश भर के कुछ जिला अस्पतालों में पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री बनाने की घोषणा की गई थी।

नईदुनिया

### आरटी-पीसीआर जांच की सुविधा मिलने से होगा यह फायदा

- जिला अस्पतालों में अभी टीबी की जांच करने वाली ट्रू-नॉट मशीन से कोरोना की जांच की जाती है। इस मशीन से हर दिन करीब 20 जांच ही हो पाती है। आरटी-पीसीआर मशीन आने के बाद हर दिन करीब 600 जांचें हो सकेंगी।
- आरटी-पीसीआर जांच में नतीजे 70 फीसद तक सही आने की संभावना रहती है, जबकि रैपिड एंटीजन किट की विश्वसनीयता 40 फीसद तक ही रहती है। ऐसे में लैब स्थापित करने से चिन्हित छोटे जिलों में भी आरटी-पीसीआर जांच हो सकेगी। अभी इन जिलों से सैंपल जांच के लिए नजदीकी मेडिकल कॉलेज में भेजे जाते हैं, जिससे रिपोर्ट आने में तीन से चार दिन लग जाते हैं।

इसी के तहत 10 जिला अस्पतालों में लैब तैयार की जा रही है। इससे पहले यह तय किया गया था कि केवल संभागीय मुख्यालय वाले जिलों में ही लैब तैयार करने का काम किया जाए, लेकिन अब कुछ अन्य जिलों को भी शामिल किया गया है।

नईदुनिया 23/7/21

# अगर सड़कें उखड़ीं तो ठेकेदार का पेमेंट रोकें : प्रभारी मंत्री भदौरिया

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम
मो.नं. 9425195101

जिले में नल-जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। किसी भी गांव में योजना क्रियान्वयन से पूर्व जल उपलब्धता सुनिश्चित करें। योजना कार्य में उखड़ी सड़कों को ठेकेदार से ठीक करवाएं, नहीं करने पर उसका पेमेंट रोकें। उक्त निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने दिए।

बैठक में सांसद डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के संबंध में प्रस्तुत जानकारी पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी दी जाए तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत को निर्देश दिए कि पीएम आवास ग्रामीण के सुव्यवस्थित संचालन एवं जहां शिकायतें हैं वहां निराकरण के लिए पंचायत इंस्पेक्टर्स को सक्रिय किया जाए।. खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने निर्देश दिए कि राशन वितरण में अनियमितता नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

पिपुल्स 23/7/21

# बंद कमरे में विकास के प्रोजेक्ट देखें, फिर लिया मां का आशीर्वाद

प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया का दौरा व्यस्तता से भरा रहा। सुबह उन्होंने पहले बंद कमरे में विकास से जुड़े मामलों में समीक्षा की तो बाद में रतलाम के राजा की कुलदेवी मां कालिका माता मंदिर में दर्शन किए।



**बंद कमरे में की समीक्षा-** मंत्री भदौरिया ने बंद कमरे में नगर निगम के शहर में चल रहे विकास से जुड़े प्रोजेक्ट भी देखें। इस दौरान उनसे मिलने के लिए भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। यहां तक की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेहद करीबी केके सिंह को भी करीब 50 मिनट तक दरवाजे के बाहर मिलने के लिए इंतजार करना पड़ा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल मिलने गए तो उनको मंत्री के कमरे से बाहर कर दिया गया।

**45 मिनट में खड़े कन्हैया मामा-** सर्किट हाउस में मंत्री का स्वागत करने मीसाबंदी व पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य मामा भी पहुंचे। अव्यवस्था के बीच उनको हाथ में छड़ी लेकर करीब 45 मिनट तक खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा। बाद में मौर्य ने कहा की वक्त की बात है, नए मंत्री हैं, अभी पहचान बनने में समय लगेगा।





**प्रतिमा पर माल्यार्पण-** मंत्री भदौरिया दीनदयाल नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थल पहुंचे व यहां पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सांसद

# प्रभारी मंत्री भदौरिया ने किया महाराजा रतनसिंह एवं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण



प्रदेश के स्थानीय निकाय एवं विकास राज्य मंत्री तथा रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने गुरुवार प्रातः सर्किट हाउस पर आम नागरिकों, गणमान्यजनों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान प्रभारी मंत्री का उपस्थितजनों द्वारा स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया नगर निगम चौराहा स्थित महाराजा रतनसिंह प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने दीनदयाल नगर स्थित उद्यान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, श्रीमती संगीता चारेल सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

प्रसारण 23/7/21

# प्रभारी मंत्री : कोरोना पर नियंत्रण के लिए गंभीरता से सैंपल-चेकिंग करें

रतलाम। जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दृष्टिगत सैंपल चेकिंग गंभीरता के

## ▸ मंत्री ने संकट प्रबंधन समूह की बैठक में दिए निर्देश

साथ सतत रूप से की जाए। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में खासतौर पर रेंडम चेकिंग करते रहें, इसके उपचार हेतु जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में नियोजित ढंग से प्रबंध सुनिश्चित करें।

बैठक में सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, विधायक दिलीप मकवाना, विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक मनोज चावला, विधायक हर्षविजय गहलोत, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिडे, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण निबटने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अल्प समय में सुनियोजित ढंग से प्रबंध किए गए और कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हुआ। यदि तीसरी लहर आती है तो रतलाम जिले में उससे निबटने के लिए पूर्व से ही पर्याप्त संख्या में संसाधन उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिला बाल चिकित्सालय को कोविड उपचार के लिए अपडेट रखने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि रतलाम जिले में



कोविड-उपचार प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा मैदानी कार्यकर्ताओं जैसे एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड-केयर संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शासकीय मेडिकल कॉलेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू कोविड- एचडीयू कोविड-आइसोलेशन में मरीजों के प्रबंधन तथा देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया है। जिला चिकित्सालय तथा बाल चिकित्सालय के समस्त पैरामेडिकल स्टाफ को बच्चों में कोविड-उपचार आईवी फ्लूड ऑक्सीजन देने के साधनों एवं निमोनिया के उपचार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बताया गया कि जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों के लिए 5-5 बिस्तर इलाज के लिए आरक्षित किए गए हैं, 2-2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एवं सिविल अस्पताल जावरा तथा आलोट में सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन की व्यवस्था बनाकर 20-20 बेल्ट लगाए गए हैं। इसके अलावा और शिवगढ़, सरवन, रावटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 10-10 बेड की व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज में 30 बिस्तरी पीआईसीयू एवं एनआईसीयू का निर्माण किया गया है।

जिला चिकित्सालय में 20 बिस्तरी पीआइसी यूनिट का निर्माण किया गया है। बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजनयुक्त 70 बिस्तरी वार्ड बनाया जा रहा है जिसका कार्य प्रगति पर है जो आगामी 15 दिवस में पूरा कर लिया जाएगा। मरीजों विशेषकर बच्चों के अटेंडेंट के रुकने के लिए मेडिकल कॉलेज परिसर में व्यवस्था बनाई गई है।



## महाराजा रतनसिंह एवं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण

प्रभारी मंत्री ने गुरुवार प्रातः सर्किट हाउस पर आम नागरिकों, गणमान्यजनों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान प्रभारी मंत्री का उपस्थितजनों द्वारा स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया नगर निगम चौराहा स्थित महाराजा श्री रतनसिंह प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने दीनदयाल नगर स्थित उद्यान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नवभारत

नवभारत 23/7/21

# नहीं करने पर ठेकेदार का पेमेंट रोकें

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

## • नल-जल योजना का बेहतर क्रियान्वयन करें
## • सैलाना-बाजना क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के लिए विशेष कैंप आयोजित करें




जिले में नल-जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। किसी भी गांव में योजना क्रियान्वयन से पूर्व जल उपलब्धता सुनिश्चित करें। योजना कार्य में उखड़ी सड़कों को ठेकेदार से ठीक करवाएं, नहीं करने पर उसका पेमेंट रोकें। उक्त निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने दिए।

प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार समीक्षा की। बैठक में सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक आलोट मनोज चावला, विधायक सैलाना हर्षविजय गहलोत, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी देवे जिससे खेती ज्यादा से ज्यादा लाभ का धंधा बने। सांसद श्री डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के संबंध में प्रस्तुत जानकारी पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी दी जाए तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं। विधायक श्री काश्यप ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कितने किसानों द्वारा नवीन तकनीकी अपनाई गई है इसका डाटा प्रस्तुत करें। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में सोयाबीन की खेती में कमी आई है तथा मक्का के रकबे में वृद्धि परिलक्षित हुई। श्री काश्यप ने मक्का, लहसुन तथा जिले के अन्य प्रमुख फसलों पर आधारित प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने नल जल योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कहा कि चिन्हित स्कूल, आंगनवाड़ी में समय सीमा में नल द्वारा जल उपलब्ध करा दिया जाए, इसमें देरी नहीं की जाए। विधायक आलोट श्री मनोज चावला ने आलोट क्षेत्र में संतरे के रकबे में कमी एवं किसानों द्वारा संतरे के पौधे हटाए जाने की जानकारी देते हुए रकबा वृद्धि हेतु आवश्यक उपाय की बात कही। बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि वास्तविक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

विधायक श्री काश्यप ने विगत तीन-चार वर्षों के दौरान बकरी पालन की योजना में उपलब्ध कराई गई बकरियों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। बताया गया कि योजना में सामान्य वर्ग को 50 प्रतिशत तथा अजा-जजा वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है।

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की समीक्षा के दौरान विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि हितग्राहियों की संख्या को देखते हुए उपलब्धता पेंडेंसी में इजाफा हुआ है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि योजना में जो पात्र हितग्राही हैं उन्हीं को लाभ मिले। सांसद श्री डामोर ने कहा कि जिले के सैलाना-बाजना क्षेत्र के कई गांवों में किसी भी हितग्राही को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में मैदानी अमले की कार्यशैली में सुधार किया जाए। विधायक श्री मकवाना ने कहा कि बिलपांक में करीब 8 हितग्राहियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं, कई पंचायतों में आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत को निर्देश दिए कि पीएम आवास ग्रामीण के सुव्यवस्थित संचालन एवं जहां शिकायतें हैं वहां निराकरण के लिए पंचायत इंस्पेक्टर्स को सक्रिय किया जाए। विधायक श्री काश्यप ने कहा कि ग्राम मथुरी तथा करमदी में पीएम आवास योजना के तहत सुविधायुक्त आदर्श कॉलोनी बनाने की योजना तैयार की जाए।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद गुमानसिंह डामोर द्वारा निर्देशित किया गया कि बाजना तथा सैलाना क्षेत्रों में गठित स्वयं सहायता समूहों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सुलभ शौचालय परिसरों के सुव्यवस्थित संधारण पर भी जोर दिया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन में बनाए गए शौचालयों के उपयोग हेतु लोगों को जागृत करने के लिए भी कहा। खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने निर्देश दिए कि राशन वितरण में अनियमितता नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इस दिशा में जिले में सजगता से कार्य किया जा रहा है। हाल ही में दो व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

विधायक श्री काश्यप ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में दुकानों को युक्तियुक्त ढंग से विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया जाए। अभी देखने में आता है कि एक ही स्थान पर दो या दो से अधिक दुकानें संचालित की जा रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने कहा कि आगामी 2023 तक हर एक घर में नल से जल पहुंचाना है। इस योजना के क्रियान्वयन को गंभीरता से लेवें। सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी ने जिले में वैक्सीनेशन कार्यक्रम के सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वयन की जानकारी दी।

प्रसारण 23/7/21

# रजिस्ट्री पर लगाई गई रोक को तत्काल हटाने की मांग

## जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया को विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात कर सौंपे ज्ञापन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया के शहर आगमन पर अनेक प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात कर स्वागत किया। विभिन्न समस्याओं और मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन भी सौंपे गए।

शहर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रभारी मंत्री को शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से शहर की ध्वस्त हो चुकी जलप्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने, शहर में वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाकर लोगों को वैक्सीन लगवाने, मिनी स्मार्ट सिटी में बनने वाली सड़कों में अनियमितताओं की जांच करवाने, शहर में बन रही फोरलेन सड़क निर्माण में निर्धारित चौड़ाई से कम मापदंड में बनाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई करने, प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय व तृतीय किस्त हितग्राहियों को तत्काल देने, शहर की कालोनियों की 2000 स्क्वेयर फीट से कम की रजिस्ट्री पर लगाई गई रोक को तत्काल हटाने, शहर में सीवरेज की खोदाई के लिए खराब हुई सड़कों का पुनर्निर्माण कराने, शहर के मध्य पोलो ग्राउंड के शीघ्र निर्माण की मांग की गई।

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मीन शेरानी, मांगीलाल जैन, सतीश पुरोहित, रजनीकांत व्यास, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, विजयसिंह चौहान, राजीव रावत, मुबारिक खान, शैलेंद्रसिंह अठाना, नासिर कुरैशी, नीलेश शर्मा, सुजीत उपाध्याय, जोएब आरिफ, धर्मेंद्र शर्मा, रवि वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बम्गा, निशा पडना, संगीता कांकरिया, ओपी त्रिपाठी, विजय पंड्या लाला आदि कांग्रेसी उपस्थित थे। रतलाम जिला प्राप्टी ब्रोकर्स एसोसिएशन ने भी प्रभारी मंत्री को ... भूखंडों की रजिस्ट्री पुनः चालू कराने का अनुरोध किया। राकेश पीपाड़ा, हेमंत कोठारी, अशोक भाणावत, ... मन्नालाल पाटीदार, पंकज श्रीमाल, शीतल पावेचा, सुनील चौरड़िया, अमित कांठेड़, ...



जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी। • नईदुनिया

### बकाया भुगतान शीघ्र दिलाया जाए

सर्किट हाउस पर अजाक्स जिला शाखा द्वारा गुलदस्ता भेंट कर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी ने प्रभारी मंत्री को रतलाम में होने वाले जिला सम्मेलन की जानकारी देते हुए शामिल होने का निमंत्रण दिया। जिला सचिव आरसी मईडा, शैलेंद्रसिंह भिड़े, रमेश कटारिया, नारायण मईडा, मीडिया प्रभारी मांगीलाल चौहान उपस्थित थे। इसी प्रकार जयश्री विटामिन्स संयुक्त ट्रेड यूनियन ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर मजदूरों के आरआरसी (राजस्व वसूली) प्रमाण-पत्र के तहत 10 प्रतिशत बकाया भुगतान शीघ्र कराने की मांग की गई। अध्यक्ष देवेंद्र सांकला, कमरुद्दीन कछवाय, प्रकाश राव शिंदे, गोवर्धन झारानी, रमेश आर., मनोज जायसवाल, लालसिंह, करणसिंह, खेमचंद्र शर्मा, शांतिलाल, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।

### लंबित मांगों के निराकरण की मांग

मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रभारी मंत्री का स्वागत कर ज्ञापन सौंपा। इसमें लैब टेक्नीशियन व अन्य संवर्गों की लंबित मांगों का निराकरण करने का अनुरोध किया गया। संघ अध्यक्ष सुशील शुक्ला, उपाध्यक्ष अनिल राठौड़, सचिव रवि गुर्जर, जय परमार, दुष्यंत पुरोहित, लैब टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष भूरसिंह डामोर, सचिव कमलेश यादव, नर्सेज यूनियन अध्यक्ष मीना पाटिल, सचिव जीनत स्टीफन, उपाध्यक्ष उर्मिला मसीह, विभा मंडलोई आदि उपस्थित थे।



दीनदयाल नगर में प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, भाजपा विधायक चेतन्य काश्यप का स्वागत किया गया। • नईदुनिया

### ज्ञापन सौंप शुरू की बेमियादी हड़ताल

रतलाम। मप्र पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग संयुक्त मोर्चा ने लंबित मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रभारी मंत्री को सौंपा। इसके बाद सभी काम बंद-कलम बंद करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल पर जाने से अनेक कार्य प्रभावित हुए। कर्मचारियों का कहना था कि मांगों का कोई निराकरण नहीं होने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का कदम उठाना पड़ा है। जिला अध्यक्ष सुजीत मालवीय, संयुक्त मोर्चा के ब्लाक अध्यक्ष सुशील आर्य, पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्रसिंह राठौर, जनपद व जिला पंचायत संघ के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह सिसौदिया, संविदा जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र शर्मा, सहायक सचिव जिला अध्यक्ष लोकेश जाट, रवि राठौर, दिनेश मोरवाल, जोएल कटारा, नरेंद्र पंढारकर, महेंद्र शर्मा, जमील फारूकी, मोहनसिंह बामनिया, अमित गीते, कलमसिंह, दीपक रायकवार आदि उपस्थित रहे।

### समिति का गठन किया जाए

पूर्व पार्षद मोहम्मद सलीम मेव ने जिला प्रभारी मंत्री को मांग-पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि पिछले 12 वर्षों से शासन की जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति का गठन नहीं हुआ है। इससे केंद्र सरकार की 15 सूत्री कार्यक्रम का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। शासन की इस समिति में अल्पसंख्यक समाज के मुस्लिम, जैन, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध समाज का प्रतिनिधित्व होता है। ... के 15 सदस्य व प्रभारी मंत्री, सांसद, जिले के विधायक आमंत्रित सदस्य होते है। मांग-पत्र में वक्फ संपत्ति संरक्षण पर शासन की ठोस नीति बनाने, वक्फ संपत्ति का सर्वे जीपीएस, जीआइएस पद्धति से जल्द से जल्द कराने का आग्रह किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, समता परिसर विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र ...

### तबादला आवेदन देने वालों की लगी रही भीड़

बुधवार रात को रतलाम पहुंचे जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने गुरुवार सुबह आमजन व भाजपा कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य लोगों से मुलाकात की। सर्किट हाउस पर प्रभारी मंत्री से मिलने आए अधिकांश लोगों ने स्वागत कर तबादले संबंधित आवेदन भी दे दिए। शासन स्तर से तबादलों से बैन 31 जुलाई तक हटाया है, इसके चलते शासकीय कर्मचारियों की भीड़ दिन भर सर्किट हाउस पर लगी रही। मौके पर कोरोना गाइडलाइन का पालन भी नहीं हुआ और प्रशासकीय अमले ने भी भीड़ को नजरअंदाज किया। सर्किट हाउस पर लोगों से मिलने के बाद प्रभारी मंत्री ने कालिकामाता मंदिर पहुंचकर मां कालिका के दर्शन किए और नगर निगम चौराहा स्थित महाराजा रतनसिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने दीनदयाल नगर स्थित उद्यान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल द्वारा प्रभारी मंत्री, सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा आदि का शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। भाजपा कार्यालय पर प्रभारी मंत्री ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पार्टी के कामों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

### तीन सूत्री मांगें पूरी की जाएं

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री से सर्किट हाउस पर भेंट कर तीन सूत्री मांगों के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त मोर्चा के दीपक सुराणा, शरद शुक्ला, सुशील शुक्ला, दीपक छाबी, अभिषेक दुबे, कमल देवड़ा, प्रकाश उपाध्याय, सुनील गौड़, दुष्यंत पुरोहित, मीना पाटिल, महेंद्रसिंह भाटी, ...



# शहर की समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री को शहर कांग्रेस ने ज्ञापन दिया

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

शहर कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया से मिला और शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मुख्य रूप से रतलाम शहर की ध्वस्त हो चुकी जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने, शहर में वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाकर लोगों को वैक्सीन लगाने, मिनी स्मार्ट सिटी में बनने वाली सड़कों में भ्रष्टाचार की जांच, शहर में बन रही फोरलेन सड़क निर्माण में कथित दुरुपयोग और निर्धारित चौड़ाई से कम मापदंड में बनाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय और तृतीय [illegible] में सीवरेज की खुदाई, सड़कों को पुनर्निर्माण शहर के मध्य पोलोग्राउंड के शीघ्र निर्माण एवं नगर निगम विभिन्न कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मिन शेरानी, सतीश पुरोहित, रजनीकांत व्यास, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या, कमरुद्दीन कछवाय, विजय सिंह चौहान, राजीव रावत, मुबारिक खान, शैलेंद्र सिंह अठाना, नासिर कुरैशी, नीलेश शर्मा, सुजीत उपाध्याय, जोएब आरिफ, मांगीलाल जैन, धर्मेंद्र शर्मा, रवि वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बुगा,

## जिले के प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# उखड़ी सड़कों की मरम्मत करवाएं, नहीं करने पर ठेकेदार का पेमेंट रोकें

- नल-जल योजना का बेहतर क्रियान्वयन करें
- सैलाना-बाजना क्षेत्र में कुपोषित बच्चों के लिए विशेष कैंप आयोजित करें

प्रशासन न्यूज * रतलाम

जिले में नल-जल योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। किसी भी गांव में योजना क्रियान्वयन से पूर्व जल उपलब्धता सुनिश्चित करें। योजना कार्य में उखड़ी सड़कों को ठेकेदार से ठीक करवाएं, नहीं करने पर उसका पेमेंट रोकें। उक्त निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया ने दिए।

प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागवार समीक्षा की। बैठक में सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, विधायक आलोट मनोज चावला, विधायक सैलाना हर्षविजय गहलोत, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग किसानों को खेती की नई-नई तकनीकों की जानकारी देवे जिससे खेती ज्यादा से ज्यादा लाभ का धंधा बने। सांसद श्री डामोर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण के संबंध में प्रस्तुत जानकारी पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ब्लॉकवार तथा विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी दी जाए तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए ठोस उपाय किए जाएं। विधायक श्री काश्यप ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कितने किसानों द्वारा



विधायक श्री काश्यप ने विगत तीन-चार वर्षों के दौरान बकरी पालन की योजना में उपलब्ध कराई गई बकरियों के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। बताया गया कि योजना में सामान्य वर्ग को 50 प्रतिशत तथा

पंचायतों में आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत को निर्देश दिए कि पीएम आवास ग्रामीण के सुव्यवस्थित संचालन एवं जहां शिकायतें हैं वहां निराकरण के लिए पंचायत इंस्पेक्टर्स को सक्रिय किया जाए। विधायक श्री

अनियमितता नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। किसी भी गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इस दिशा में जिले में सजगता से कार्य किया जा रहा है। हाल ही में दो व्यक्तियों के विरुद्ध

## स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के ठोस प्रबंध सुनिश्चित करें

# कोरोना के लिए बरतें गंभीरता

पत्रिका सिटी हैपनिंग



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया रतलाम दौरे के दौरान गुरुवार को उनकी अध्यक्षता में जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दृष्टिगत सैंपल चेकिंग गंभीरता के साथ सतत रूप से की जाए। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में खासतौर पर रेंडम चेकिंग करते रहें, इसके उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में नियोजित ढंग से प्रबंध सुनिश्चित करें।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण निपटने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अल्प समय में सुनियोजित ढंग से प्रबंध किए गए और कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण हुआ। यदि तीसरी लहर आती है तो उससे निपटने के लिए पूर्व से पर्याप्त संख्या में संसाधन उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिला बाल चिकित्सालय को कोविड उपचार के लिए अपडेट रखने के निर्देश दिए।

### मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षित किया

बैठक में बताया गया कि रतलाम जिले में कोविड-उपचार प्रबंधन की दिशा में ठोस कार्य करते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा मैदानी कार्यकर्ताओं जैसे एएनएम, आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को कोविड-केयर संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू कोविड-एचडीयू कोविड-आइसोलेशन में मरीजों के प्रबंधन तथा देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

### हर जगह बेड की उपलब्धता

जिला चिकित्सालय तथा बाल चिकित्सालय के समस्त पैरामेडिकल स्टाफ को बच्चों में कोविड-उपचार आईवी फ्लूड ऑक्सीजन देने के साधनों एवं निमोनिया के उपचार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया कि जिले के प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों के लिए 5-5 बिस्तर इलाज के लिए आरक्षित किए गए हैं। 2-2 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एवं सिविल अस्पताल जावरा तथा आलोट में सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन की व्यवस्था बनाकर 20-20 बेड लगाए गए हैं।

### यह भी तो 10-10 बेड की व्यवस्था

इसके अलावा और शिवगढ़, सरवन, रावटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 10-10 बेड की व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज में 30 बिस्तरी पीआईसीयू एवं एनआईसीयू का निर्माण किया गया है। जिला चिकित्सालय में 20 बिस्तरी पीआइसी यूनिट का निर्माण किया गया है। बाल चिकित्सालय में ऑक्सीजनयुक्त 70 बिस्तरी वार्ड बनाया जा रहा है जिसका कार्य प्रगति पर है जो आगामी 15 दिवस में पूरा कर लिया जाएगा। मरीजों विशेषकर बच्चों के अटेंडेंट के रुकने के लिए मेडिकल कॉलेज परिसर में व्यवस्था बनाई गई है। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि चिकित्सा संस्थाओं में उपलब्ध कराए गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनों को चलाएमान रखने के लिए प्रत्येक 6 माह में ऑपरेट किया जाए ताकि वह खराब नहीं हो। गोविंद काकानी ने डेंगू रोग के संबंध में जानकारी दी। रोग से बचाव के लिए प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि कील कोरोना सर्वे टीम अपने भ्रमण के दौरान डेंगू रोग के उपचार तथा प्रबंधन का कार्य करें।

पत्रिका 23/7/21

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

## नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

# 21 जुलाई को 98 टन कचरा जुलवानिया पंहूचा

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 21 जुलाई बुधवार को 98 टन कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

21 जुलाई बुधवार को डम्पर व टेक्टर ट्राँली से 58445, काम्पेक्टर सूखा कचरा 25140, काम्पेक्टर गीला कचरा 11875 व मैजिक 2920 किलो इस तरह कुल 98380 किलो कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

स्वतंत्र

स्वतंत्र मालवा 23/7/21

## एक मीट्रिक टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 55765, काम्पेक्टर सूखा कचरा 29515, काम्पेक्टर गीला कचरा 12320, मैजिक से 2690 किलो इस तरह कुल 100290 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। नईदुनिया

नईदुनिया 23/7/21

## आठ मवेशियों को गोशाला भेजा



मवेशी को वाहन में चढ़ाते हुए निगमकर्मी। •नईदुनिया

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 11272 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को पोलोग्राउंड, गोशाला रोड, दीनदयालनगर आदि क्षेत्र से आठ मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग ... नईदुनिया